## Step By Step Guideline for online Admission Form Filling:-

## ऑनलाइन नामांकन प्रवेश फॉर्म भरने के लिए मार्गदर्शिका:

अधिकारिक वेबसाइट *www.purneau.ac.in* पर जायें →**Admission** सेक्शन में जाकर (**UG Admission 2026-2030**) पर क्लिक करें → नामांकन हेतु (लॉगिन) रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरें →व्यक्तिगत् जानकारी भरें → विषय तथा कॉलेज डिटेल्स को भरे → शैक्षणिक जानकारी भरें → आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करें → शुल्क भुगतान करें → दुसरे विषय की जानकारी भरेंगे → फॉर्म को सबमिट करे →नामांकन प्रवेश फॉर्म की प्रति प्रिंट रूप में सुरक्षित रखें।

**Step-1** आवेदक अपने मोबाइल नंबर और E:Mail ID के माध्यम से Registration करेंगे। आवेदक का मोबाइल नंबर और E:Mail के माध्यम से होगा। यह E:Mail ID और मोबाइल नंबर भविष्य के परीक्षा संबंधित सभी संदर्भों के लिए उपयोग किया जाएगा। अतः सलाह है कि Registration हेतु स्वयं का ही मोबाइल नंबर और E:Mail ID प्रयोग करें।

**Step-2** आवेदक अपना ऑनलाइन नामांकन आवेदन फॉर्म भरने से पूर्व निम्न लिखित प्रमाण पत्रों को स्कैन कर **PDF** बनाकर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे ,क्योंकि समर्थ ऐडमिशन पोर्टल पर अपलोड अनिवार्य होगा। सभी अपलोड किये जाने वाले सर्टिफिकेट्स का साइज 10 KB to 500 KB के बीच होना चाहिये।

- **a.** Latest Photo Not more than 2 months old
- **b.** Signature of Student in English and Hindi
- **c.** Original $X^{th}$ Marksheet
- **d.** Original $XII^{th}$ Marksheet and Certificate
- **e.** Caste Certificate If applicable
- **f.** EWS Certificate If applicable [Under Valid period]
- **g.** PwD Certificate If applicable

**Step-3** नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरना होगा। जिसके लिये आवेदक को पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया की अधिकारिक वेबसाइट www.purneau.ac.in पर जाना होगा और Admission सेक्शन में जाकर UG Admission **2026-2030** पर क्लिक करना होगा।

**Step-4** जहां से पूर्णियां विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर पहुँच जायेंगे। समर्थ पोर्टल पर पहुंचते ही विद्यार्थी को सबसे पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा इसमें विद्यार्थी का पूरा नाम, D.O.B., E:Mail ID की आवश्यकता होगी फिर एक आठ (08) डिजिट का पासवर्ड बनाना होगा। पासवर्ड बनाने के लिए स्पेशल कैरेक्टर ,कैपिटल लेटर ,स्मॉल लेटर और नंबर के कॉम्बिनेशन की आवश्यकता होगी साथ ही मोबाइल नंबर और कैप्चा को डालकर रजिस्ट्रेशन पूरा किया जा सकता है।

**Step-5** रजिस्ट्रेशन करते ही छः (06) डिजिट का वेरिफिकेशन कोड़ OTP Registered मोबाइल नंबर और E:Mail ID पर भेजा जाएगा जो 15 मिनट के लिए वैलिड होगा। वेरिफिकेशन कोड़ OTP को भर कर अपने अकाउंट को वेरीफाई करेंगे।

Registration Sucessful के बाद नामांकन फॉर्म भरने के लिए दायीं ओर ऊपर स्थित लॉगिन पर क्लिक करें।

**Step-6** पुनः Register User Login पर जाकर ईमेल आईडी और पासवर्ड डालें। Complete Your Profile पर क्लिक कर अपना Registration पूरा कर लेंगे।

25.05.26

**Personal Details:-**

**Step-7** व्यक्तिगत् विवरण भरें। व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम, Registered मोबाइल नंबर और E:Mail ID, जन्मतिथि, Gender, आरक्षण लाभ हेतु अपनी जाति का चुनाव करें। ब्लड ग्रुप ,नागरिकता, धर्म को भरे। वैलिड आईडी प्रूफ में other आप्शन पर क्लिक करें। आईडी प्रूफ में आधार (AADHAR) लिख कर आईडी प्रूफ नंबर में आधार संख्या दर्ज करें।

**Step-8** Family Details में माता, पिता का नाम व मोबाइल नंबर दर्ज करें। उचित पारिवारिक इनकम पर क्लिक करें। यदि विशेष कोटा श्रेणी में आते हैं ,तो लाभ लेने हेतु दिव्यांग PwD श्रेणी तथा ,Sports Quota अथवा Fine Arts (CCA) Quota केटेगरी में है YES करें अन्यथा Not Applicable पर क्लिक करें। यदि NCC/NSS का सर्टिफिकेट है तो जानकारी देंगे।

**Step-9** घर का पता भरने के बाद व्यक्तिगत् विवरण Personal Details को पुनः वेरीफाई करें और Proceed to Next पर चले जाएँ।

**Programme Selection :-**

**Step-10** B.A./B.Sc./B.Com. में अपनी choice और eligibility के अनुसार किसी एक विषय के programme को select करेंगे। एक विषय का चुनाव कर उसके लिए 11 महाविद्यालय का आप्शन Ist Preference से 11 तक पूरा करेंगे। यदि कम महाविद्यालय को चुनेंगे तब बाकी आप्शन में Not Interested का आप्शन देंगे। दुसरे विषय के लिए बाद में आप्शन लिया जाएगा।

**Step-11** Academic Details शैक्षणिक जानकारी को भरेंगे। 10th , 12th की सभी जानकारी रोल नंबर, 12वीं के विषयवार अंक दर्ज करेंगे। अपना अंक प्रतिशत को वेरीफाई करेंगे। Save and Next के बाद शैक्षणिक प्रमाणपत्रों को अपलोड करेंगे। पुनः आवेदन फॉर्म के प्रत्येक कॉलम में भरी गयी सभी प्रविष्टियों को भली-भाँती जांच लेंगे कि सभी जानकारी सही भरी गयी है।

**Upload Section:-**

**Step-12** Photo, Signature, Income Certificate, Caste Certificate, 10$^{th}$, 12$^{th}$ के सभी प्रमाणपत्र अपलोड़ करेंगे। Save and Next के बाद अगले पेज पर चले जाएंगे।

**Step-13** Preview सेक्शन में आप सभी भरी गयी डिटेल्स को वेरीफाई करें और Pay and Submit आप्शन पर चले जायेंगे। पेमेंट होने के बाद ही दुसरे विषय का आप्शन भरा जा सकेगा। दोनों विषय के अलग अलग आवेदन फॉर्म भरने की आवश्यकता नही है।

**Step-14** ऑनलाइन आवेदन शुल्क UR, BC, EBC, EWS श्रेणी के आवेदकों के लिये 600/- (Six Hundreads Only) जबकि SC/ST एवं PwBD के लिए लिये 300/- (Three Hundreads Only) का भुगतान किया जाना है। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का पेमेंट Debit Card/NET Banking/UPI अथवा बैंक चालान के माध्यम से किया जा सकता है। पेमेंट के पश्चात् प्रोग्राम सेक्शन में जाकर दुसरे विषय के लिए आप विषय के साथ महाविद्यालय की लिस्ट को select कर आप्शन पूरा करेंगे।

**Step-15** **यहाँ ध्यान देना आवश्यक है कि एक बार पेमेंट होने के पश्चात् भरे हुए आवेदन फॉर्म में कोई बदलाव नहीं हो सकेगा।** अतः आवेदन फॉर्म के प्रत्येक कॉलम में सही सही प्रविष्टियां ही भरी जाये।

**Step-16** सफलतापूर्वक पेमेंट हो जाने के बाद आपका फॉर्म भर जायेगा। भरे हुए आवेदन फॉर्म का प्रिंट लेकर **भविष्य की आवश्यकता के लिए सुरक्षित रख लेंगे** ,और मेधा सूची Merit List जारी होने का इंतज़ार करेंगे।

25.05.26